PRINT

# नवोदय (Navodaya)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 135825 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 01.10.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 07 | क्रम सं. (Serial No.) 06 |

## सीआईएसएफ के नए महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कार्यभार संभाला



नई दिल्ली, 30 सितम्बर (ब्यूरो): एजीएमयूटी कैडर से भारतीय पुलिस सेवा के 1993 बैच के अधिकारी प्रवीर रंजन ने सीआईएसएफ के नए महानिदेशक का कार्यभार संभाल लिया। वे अप्रैल 2024 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। सीआईएसएफ के महानिदेशक के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, उन्होंने बल के संवेदनशील हवाई अड्डा सुरक्षा क्षेत्र का नेतृत्व करते हुए विशेष महानिदेशक के रूप में कार्य किया।